[श्री रामचन्द्र विकल]

हैं और न कोई कारखानें हैं, और गाजियाबाद में तो मैं जानता हूं कि 20 साल से जमीन लो हुई पड़ो है । लाल बहादुर शास्त्री हमारे प्रधान मंत्री थे । उन्होंने आदेश दे दिया था कि जो जमीन किसान को खाली पड़ी है वह उस को लौटा दी जाय । वह उस पर खेती करे और जब उस की जरूरत हो तो वह ले ली जाय । आज इस से देश का बड़ा राष्ट्रीय अहित हो रहा है । शहरों के बढ़ते हुए आकार के लिये जमीन को पहले से एक्वायर कर लिया गया है और बहुत से लोग तो वहां जनीन का व्यापार कर रहे हैं । पहले जमीन ले लेते हैं और किसान का जो मुआवजा है उस से 50 गुना कीमत उस की वसूल करते हैं । तो किसान को इस तबाही से बचाने के लिये इसी सत्र में भूमि अधिग्रहण कानून आप पास करें । यही आप से कहना चाहता हूं ।

DISCUSSION ON THE WORKING OF THE MINISTRY OF INDUSTRY

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI); Now, we take up dis cussion on the working of the Ministry of Industry *(Interruptions)*

SHRI S. W. DHABE (Maharashtra): Sir, I am on a point of order. I want to mention that today's Calling Attention was not expected to come up today and it took a long time. And now only we are starting the discussidn on the working of the Ministry of Industry. It is very seldom that we get an opportunity to discuss this Mini stry. And one full day is reserved for the discussion. If we start the discussion now, it will go up to 9 0 clock. Therefore, I request you to allow the discussion upto 6 O' clock and the rest We can continue tomorrow so that a full-fledged discussion can take place and a number of speaker? can participate.

संसदीय कार्य विभाग मे राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) · उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो कहा है तो आप इस बहस को 6 बजे के बदने 8 बजे तक चला लीजिए, लकिन आज इस को खत्म करना है क्योंकि कल बहुत सा बिजनेस है और उस सब को खत्म करना है ।

SHRI SURESH KALMADI (Maharashtra); Sir I would like to say that the discussion on this Ministry of Industry is a very important discussion. And the House has to discuss it threadbare. I therefore suggest that the Rajya Sabha may meet for one more day on the 11th and take up this discussion for the full day.

श्री कल्पनाथ राय · इस को आप 8 बजे तक ले चलिये ।

श्री सुशील चन्द महन्त (हरियाणा) · मेरी एक प्रार्थना है कि इंडस्ट्रीज मिनिस्ट्री का जो डिस्कशन है वह इतना वास्ट है कि उस में बहुत सी बातें आ जाती हैं । 1947 से, जब से हम को आजादी मिली उस के बाद से आज तक जो देश की दुर्दशा हो रही है. . . .

SHRI J. K. JAIN (Madhya Pradesh): Sir, is he on a point of order or he has started the debate?

श्री सुशील चन्द महन्त : और आज जो हालत है देश की वह इस इंडस्ट्रीज मिनिस्ट्री की वर्किंग के कारण है । मैं यह कहूंगा कि इस के लिये वक्त अधिक नहीं है । इस के डाइरेक्शन फाल्टी हैं और प्रायरिटीज ठीक नही हैं (व्यवधान)

SHRI SURESH KALMADI; There should be a full-fledged discussion. ■ -

श्री सुशील चन्द महन्त · इस देश को करीबन सब प्राथमिकतायें इस के डिस्कशन में सामने आ जायेंगी और

इतने छोटे से अरसे में इस को रोक कर रखा जाय और बहस के लिये अधिक समय न दिया जाय तो यह बहुत अन्याय होगा ।

श्री कल्पनाथ राय : यहां सदन के सभी सदस्य मौजूद हैं विरोधी पक्ष के भी और सत्ता पक्ष के भी । आप इस पर जितने घंटे चाहें बहस कीजिए, इस में हम को एतराज नहीं है । लेकिन अच्छा होगा कि आप इस को आज खत्म कर दें, 8 बजे तक, 9 बजे तक या 10 बजे तक आप बैठिये और बहस कीजिए ।

SHRI DIPEN GHOSH (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir, it was decided that a full day will be allotted to discuss the functioning of the Ministry of Industry. Since the Calling Attention and the other things had taken so much time, only at 5 minutes to 4 o'clock we. are taking this up. The question is whether we can continue the discussion beyond 6 o'clock. Our suggestion is that let the discussion continue upto 6 o'clock and then let it be continued tomorrow. There should be no harm if we continue this tomorrow. There will be no Calling Attention tomorrow. so we can continue it tomorrow. After 6 o'clock we adjourn and continue! the discussion tomorrow.

SHRI LAL K. ADVANI (Madhya Pradesh) Sir, I am happy that the Leader of the House is also here. In a situation of this kind. I am sure, he will be responsive. We know that tomorrow and the day after we have some legislative business, which Government would naturally like to be concluded. On behalf of the Opposition, I can say that we will see to it that all the legislative business is completed before we adjourn *sine die* day after tomorrow. In any case, we can sit late day after tomorrow and complete the legislative business. But so far the discussion on the Ministry of Industry is concerned, it will be appreciated that it will be in the fitness of things to give adequate time to it for discussion, meaning that we should continue discussion on it tomorrow also after discussing it till six o'clock today. Continuing the debate after six o'clock has its own implications.

THE LEADER OF THE HOUSE (SHRI PRANAB KUMAR MUKHERJEE): It was your suggestion that alt the legislative business will be over by Thursday, I have no objection. But in that case we may have to sit late in the evening tomorrow and day after also because the business which we are having we will have to transact it. Tomorrow there will be no calling attention and day after tomorrow also there will be no calling attention. Otherwise it will be a problem. If you agree I think we can carry on till such time as we want today and the rest can be done tomorrow. But it is on the under standing that all the legislative business will be completed by Thursday.

SOME HON. MEMBERS; Yes, ye*. In any case we will be having no calling attention tomorrow and day after.

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : डिस्कशन शुरू करने से पहले मैं मैम्बर साहबान से दरख्वास्त करना चाहता हूं कि बिजिनैस ऐडवाइजरी कमेटी ने जो टाइम अलाट किया है, उसको कीप-अप करें, एकाध मिनट इधर-उधर हो सकता है । लम्बे भाषण करेंगे तो 5–10 घंटे क्या दो दिन में भी बहस पूरी नहीं हो सकती । श्री यादव, आपके 5 मिनट हैं ।

श्री हुक्मदेव नारायण यादव (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, उद्योग विभाग के कार्यकरण पर चर्चा आरंभ करने का अवसर मुझे आपने दिया है इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

श्रीमन्, इस पर चर्चा करने से पहले मैं निवेदन करना चाहता हूं कि थोड़े समय में बातें कही नहीं जा सकतीं पूरी, फिर भी इस पर चर्चा आरंभ

[श्री रामदेव नारायण यादव]

करने से पहले मैं गांधी जी के कुछ शब्दों को रखना चाहूंगा, उसके बाद मैं अपनी बातें प्रारंभ करूंगा ।

श्रीमन्, गांधी जी के शब्दों को इसलिए रखना चाहूंगा कि भारत की जो अर्थ-व्यवस्था थी उसके अनुसार जो यहां पर औद्योगिक व्यवस्था हम कायम करना चाहते थे, उसका आधार गांधीवादी दर्शन ही मानकर चले थे हालांकि गांधीवादी दर्शन केवल नारे के लिए रह गया है, काम के लिए नहीं रह गया है । हम चाहते हैं कि गांधी जी का जो दर्शन था उसके आधार पर अपने उद्योगों की स्थापना की जाए, उस दिशा को केवल लिए जाए जिसके कारण हमारे देश का जो विनाश हुआ है, वह विनाश आगे न हो तथा देश की गाड़ी सही पटरी पर चले । गांधी जी ने कहा था कि जब तक हाथ को हम प्राथमिकता नहीं देंगे, तब तक देश नहीं बनेगा । भारत के अन्दर भूमि, पूंजी, आदमी और व्यवस्था को अगर आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो पता चलेगा कि हमारे पास प्रति व्यक्ति जमीन कम है, प्रति व्यक्ति पूंजी कम है और आदमी ज्यादा हैं । जमीन कम, पूंजी कम और आदमी ज्यादा । इसलिए उद्योग ऐसे बनाने चाहिए जो कम से कम जमीन पर, कम से कम पूंजी में ज्यादा से ज्यादा हाथों को काम दे सकें । यह हमारी दृष्टि होनी चाहिए जो गांधी जी की दृष्टि थी । लेकिन हमारी दृष्टि बदल गई । हमने प्रारंभ किया ज्यादा से ज्यादा जमीन पर, ज्यादा से ज्यादा पूंजी लगाकर ऐसे उद्योग खड़े किए जिसमें कम से कम हाथों को काम मिला और कम से कम हाथों को काम मिलने लगा तो लोग बेरोजगार होते चले गए । हां उद्योगों की स्थापना से लोगों को रोजगार देने का प्रश्न था, हां इन बड़े बड़े उद्योगों की स्थापना से लोग बेरोजगार होते चले गए और हम उसको आज तक सुधार नहीं पाए हैं । अगर हमें यह देखना है तो जो रमेशचन्द्र दत्ता की 'इकानामिक हिस्ट्री आफ इंडिया' में उन्होंने लिखा है उसको पढ़ें । उन्होंने इसमें लिखा है कि अंग्रेजों के द्वारा भारत के ग्रामीण उद्योगों को नष्ट करने की जो योजना बनाई गई, आजादी के बाद भी जब अपने देश की सरकार बनी उस सरकार ने भी इसी अंग्रेजों की बनाई हुई नीति को चलाया, उसमें कोई परिवर्तन नहीं किया । उसकी भी नीति यही रही । गांधी जी का चर्खा एक प्रतीक था । प्रतीक का मतलब है कि वह हाथ का प्रतीक काम का प्रतीक, छोटे उद्योगों का प्रतीक था । घर घर में अगर चर्खा चलेगा तो छोटे छोटे कुटीर उद्योगों की स्थापना होगी जिससे लोगों को रोजी रोटी मिलती रहेगी, आर्थिक साधन गांवों में, झोंपड़ियों में भी लोगों को मिलेंगे । लेकिन हम उसको भूल गये, हमने उसमें परिवर्तन कर दिया । इसलिये गांधी जी के बारे में कहा जाता था कि गांधी जी बड़ी मशीनरी के विरुद्ध हैं और गांधी जी के दर्शन के बारे में कहा जाता था और आज अगर उसी नीति को लेकर माननीय चौधरी चरण सिंह कह दें तो उनको भी आज के आधुनिक युग के विद्वान लोग कहते हैं कि यह 16 वीं, 14 वीं शताब्दी की, बैलगाड़ी की बात करते हैं, उस युग की बात करते हैं । गांधी जी ने कहा था कि "मुझे जिस पर आपत्ति है वह मशीनरी की झक है । मुझे मशीनरी के प्रति कोई आपत्ति नहीं है । झक ही है कि वे मशीनरी को श्रम बचाने वाला मानते हैं । यह कहां तक ठीक है कि लोगों श्रम को बचाते ही रहें जबकि हजारों आदमी बेरोजगार होते रहें और भूख से मरने के लिये खुली सड़कों पर छोड़ दिये जायें । मैं चंद आदमियों के लिये ही समय और श्रम नहीं बचाना

चाहता बल्कि सभी के लिये समय और श्रम बचाना चाहता हूं : मैं चंद लोगों के हाथों में ही सम्पत्ति को केन्द्रित नहीं करना चाहता लेकिन उसका वितरण सभी व्यक्तियों में कराना चाहता हूं । आज करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी छीन कर मशीनरी केवल कुछ ही लोगों की सहायता करती है । मशीनरी को प्रोत्साहन देना श्रम को बचाने वाली उदारता नहीं है अपितु इसमें निहित लालच है। ऐसी ही सभी बातों के विरुद्ध मैं अपनी पूरी शक्ति से लड़ रहा हूं । "गांधी जी ने इसको कहा था। पंडित नेहरू जी के हाथ में जब हिन्दुस्तान की सत्ता आई तो उनके ऊपर पश्चिमी देशों के औद्योगिकीकरण का जो एक नकशा था, उनके दिमाग में जो पश्चिमी देशों का एक ढांचा था उसके आधार पर उन्होंने बात की और औद्योगिक रचना करने की सोची । नेहरू जी ने जो अपनी एक नीति अख्तियार की मैं उसको पढ़ कर सुनाना चाहूंगा । "जवाहरलाल नेहरू ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में, जो 28 सितम्बर, 1959 को चंडीगढ़ में आयोजित की गई थी, अपना भाषण देते हुए अपनी स्थिति को बिलकुल ही स्पष्ट कर दिया था । उन्होंने कहा : समेकित योजना के बारे में मुख्य बात उत्पादन है, रोजगार नहीं है । रोजगार का महत्व है लेकिन उत्पादन के संदर्भ में इसका बिलकुल भी महत्व नहीं है । रोजगार उत्पादन के बाद आता है, उत्पादन के पहले नहीं आता और उत्पादन अच्छी तकनीकों से बढ़ेगा, जो आज आधुनिक तरीके हैं"। "गांधी जी और जवाहर लाल नेहरु इन दोनों के विचार यहां टकराते हैं । गांधीवाद और नेहरूवाद का झगड़ा यहां से प्रारम्भ हुआ । वह मानते हैं कि उत्पादन के बाद रोजगार की सुविधाएं बढ़ेंगी । उत्पादन के पहले रोजगार की सुविधाएं नहीं बढ़ेंगी । मतलब यह कि घोड़े को गाड़ी के पीछे रखोगे, गाड़ी को घोड़े के पीछे नहीं । गाड़ी जब घोड़े के पीछे रहेगी तो पता है गाड़ी बहुत तेजी से चलेगी । उत्पादन से पहले रोजगार होता है । उत्पादन के साथ रोजगार जुड़ा होता है न कि उत्पादन के बाद रोजगार होता है । उत्पादन के बाद वितरण आयेगा । उत्पादन के बाद वितरण की व्यवस्था चालू करनी पड़ेगी । उत्पादन से पहले रोजगार होगा तो उत्पादन ज्यादा बढ़ेगा । उत्पादन से पहले रोजगार होगा तो उसके लिये जरूरी होगा कि कैसे उत्पादन पद्धति लागू करनी होगी और कितने लोगों को काम मिलेगा । वहीं से रोजगार का काम चलता है । आप अपनी औद्योगिक नीति को बदलिये । मैं फिर आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि देश के अंदर, गांव के अन्दर आपकी औद्योगिक नीति से कितना नुकसान हुआ है । 1881 ईस्वी में जब देश में अंग्रेजो शासन था, उस समय खेती में 50.7 परसेंट आदमी लगे हुए थे । 1951 में 69.1 परसेंट लोग खेती में लगे हुए थे जब कि देश में आजाद भारत की सरकार बनी थी । 1881 में अंग्रेजों राज में उद्योग पर 36.3 परसेंट लोग लगे हुए थे जब कि 1951 में 13.6 परसेंट लोग उद्योग में आ गये थे । निरन्तर उद्योग पर से भार घटता चला गया । बेकारी बढ़ती चली गई और वह भार खेती पर बढ़ता चला गया । दुनिया का यह नियम है कि जिस देश में जितना ज्यादा खेती पर भार बढ़ेगा वह देश उतना ही गरीब होगा । मैं इसलिये कहता हूं कि अमेरिका जो सम्पन्न देश है वहां पर खेती पर आबादी का कुल 4 फीसदी आदमी लगा हुआ है । रूस में आबादी के केवल 30 फीसदी लोग खेती पर लगे हुए हैं ।

[श्री हुक्मदेव नारायण यादव]

जापान में केवल 20 फीसदी आदमी खेती पर लगे हुए हैं । यह दुनिया के शक्तिशाली और ताकतवर देश हैं । हिन्दुस्तान में 100 में से 70 फीसदी लोग खेती में लगे हुए हैं । हिन्दुस्तान में रोजगार के साथ जाति व्यवस्था बंधी हुई है । लोहे के साथ, लकड़ी के साथ, चमड़े के साथ, मिट्टी के साथ और अन्य रोजगारों के साथ हिन्दुस्तान को जो जाति व्यवस्था बनी थी वह अब समाप्त होती जा रही है । जिस समय हिन्दुस्तान में यह जाति व्यवस्था बनी थी उस समय यह सोचा गया था कि उनके आर्थिक अधिकारों को सीमित करके खास-खास कामों के साथ उनको जोड़ दिया जाए । लेकिन आजाद भारत में और अंग्रेजों के जमाने में उनके हाथ से ये कारोबार छिनते चले गये । उनके हाथ से चमड़े का कारोबार छिन गया, गांवों से लोहे का कारोबार छिन गया, लकड़ी का कारोबार छिन गया । मेरे पास समय नहीं है, अन्यथा मैं आपको आंकड़े देकर बताता कि उनकी अब किस प्रकार की स्थिति हो गई है । हिन्दुस्तान के अन्दर सन 1931 में जो जनगणना हुई है उस जनगणना के मुताबिक बढ़ई, चमार, धोबी, दर्जी, खत्री, कुम्हार, लोहार, मोची, नाई, बंजारा, सुनार, तांती और तेली आदि लोग अपना अपना रोजगार करते हैं और उसी के आधार पर जातियां बनी हैं । आज सन 1971 की जनगणना में इनकी संख्या क्यों टूट गई है ? अफसोस है कि इस देश के अन्दर उनके हाथ के रोजगार छीन लिये गये । सारे रोजगार शहरों में लाये गये । अभी माननीय सदस्य श्री रामचन्द्र विकल कह रहे थे कि सरकार ने बड़े बड़े उद्योग स्थापित किये, बड़ी बड़ी औद्योगिक नगरियां बनाई गई, सारे उद्योग शहरों में केन्द्रित कर दिये गये हैं । गांवों के लोगों को अपनी जमीनों से बेदखल कर दिया गया । इसलिए मेरा निवेदन है कि आप प्राथमिकताएं तय कीजिये । प्राथमिकताओं को आप भूल गये । हमारे यहां गांवों में कहते हैं--उत्तम खेती, मध्यम व्यापार, निकृष्ट चाकरी, भीख निदान । सबसे उत्तम खेती है, उसके बाद दूसरे नम्बर पर व्यापार आता है, तीसरे नम्बर पर नौकरी आती है और चौथे पर भीख मांगना आता है । लेकिन आज आपने प्राथमिकताओं को बदल दिया । आज खेती उत्तम नहीं है, मध्यम व्यपार नहीं है, निकृष्ट नौकरी नही है और भीख निदान नहीं है । आज सबसे उत्तम नौकरी है, मध्यम व्यपार है, निकृष्ट भीख है और सबसे निदान खेती है । गांव का किसान धोती पहन कर या लंगी पहनकर कंधे में गमछा डालकर अगर किसी कार्यालय में जाता है तो उसको चपरासी भी इज्जत नहीं करता है । उद्योगों में लायसेंस हैं, परमिट हैं, कोटा हैं, लेन हैं, देन है और आमद-रफद भी है । खेती में न लायसेंस चाहिए, न परमिट चाहिए, न कोटा चाहिए और न ही आमद-रफद चाहिए । इसलिए उसको कोई नहीं पूछता है । इसलिए मैं कह रहा था कि आपने गलत प्राथमिकताएं निर्धारित कीं । यह उसी का परिणाम है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, प्रथम पंचवर्षीय योजना में उद्योग और खेती का क्या रिश्ता था । उसके बाद द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम और छटी पंचवर्षीय योजनाएं बनीं । लेकिन किसानों की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ । गांवों में कोई सुधार नहीं हुआ । इसलिए मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि आपको

फिर से सोचना पड़ेगा और अपनी प्राथमिकताओं को निर्धारित करना होगा। आपने निजी क्षेत्र में कारोबार शुरू किए। बड़े-बड़े औद्योगिक घरानों को अपने कारोबार को बढ़ाने का मौका दिया। जब इनके बारे में आपसे प्रश्न किये गये तो आपने कहा कि हम इनको एम० आर० टी० पी० एक्ट से नियंत्रित करते हैं। लेकिन मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि सन 1966 में इंडस्ट्रियल लायसेंसिंग इन्क्वायरी कमीशन ने बड़े बड़े घरानों के बारे में लिखा था कि उनके द्वारा कितने उद्योग चलाये जा रहे हैं। सन 1971 में कम्पनी विभाग ने क्या बताया है और फिर इसी विभाग ने सन 1977 में क्या बताया है, उस पर आप ध्यान दीजिये। सन 966 में टाटा के उद्योगों की संख्या 60 थी और सन 1971 भी यह 60 ही रही, लेकिन सन 1977 में यह 32 हो गई। इसी तरह से बिरला के उद्योगों की संख्या सन 1966 में 194 थी तो सन 1971 में 190 हो गई और सन 1977 में 70 हो गई। इसी प्रकार से मफतलाल के उद्योगों की संख्या सन 1966 में 20 थी तो सन 1971 में 20 रही और सन 1977 में 14 हो गई। बांगूर के उद्योगों की संख्या 1966 में 87 थी तो सन 1971 में 83 हो गई और सन 1977 में 44 हो गई। इन सब बीस औद्योगिक घरानों के आंकड़े देकर मैं सदन का समय नहीं लेना चाहता हूं। सन 1966 में जब आपने इंडस्ट्रियल लायसेंसिंग पालिसी इन्क्वायरी कमीशन बनाया था तो उसने यह रिपोर्ट दी थी। मैं पूछना चाहता हूं कि इन बड़े घरानों के उद्योगों की संख्या में कमी क्यों होती चली गई? इसका कारण यह था कि आपने एम० आर० टी० पी० एक्ट के अधीन इन कम्पनियों पर छोड़ दिया कि वे अपने को धारा 20 में रखें, या धारा 20 (ख) में रखें, या धारा 26 में रखें। उन्होंने इसका लाभ उठाया। इसके साथ-साथ मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि सच्चर समिति ने भी इन मामलों पर विचार किया था। और उन्होंने कहा था इस तरह कम्पनियों को छूट दी जा रही है और कम्पनियां गोलमाल कर रही हैं। बड़े घराने एम० आर० टी० पी० से अपने को बचा लेते हैं। लेकिन आज तक सरकार ने सच्चर समिति की सिफारिशों पर कोई विचार नहीं किया। बड़े उद्योगों को छोड़ते चले गये और वे स्वेच्छाचारी ढंग से अपनी सम्पत्ति को बढ़ाते चले गये। उनको कितनी छूट दी जा सकती थी दी गई और उनकी पूंजी बढ़ती चली गई और निजी क्षेत्र आर्थिक शक्ति का केन्द्र बन गया। आज बड़े-बड़े उद्योगों के हाथ में, हिन्दुस्तान के जो 20 बड़े औद्योगिक घराने हैं उनके हाथ में इन उद्योगों के मार्फत पूंजी का केन्द्रीयकरण हो गया है। आप यह देखकर अंदाजा लगा सकते हैं कि 1963 और 1971 के बीच में टाटा की सम्पत्ति में 96 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, बिरला की सम्पत्ति में 139 प्रतिशत की वृद्धि हुई, मफ़तलाल की सम्पत्ति में 411 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, थापर की सम्पत्ति में 101 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, आई० सी० आई० की सम्पत्ति में 270 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, श्रीराम की सम्पत्ति में 137 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस प्रकार से बड़े-बड़े घरानों की जो सम्पत्ति बढ़ी है उसका मैं कच्चा चिट्ठा खोल सकता हूं, उनका इतिहास यहां रख सकता हूं। निजी क्षेत्र में सम्पत्ति का आपने केन्द्रीयकरण किया है और उनकी सम्पत्ति को बढ़ाने का काम किया है। इससे कितना देश को नुकसान हुआ है, कितना आप देश को नुकसान में डाल चले जा रहे हैं? आखिर में एक बात

[श्री हुकमदेव नारायण यादव]

मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आपने सार्वजनिक क्षेत्र में काम किये हैं, सार्वजनिक क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना की है और बीमार उद्योगों, कमजोर उद्योगों करण उद्योगों को आपने अपने हाथ में लेने का काम किया है । मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं 1981–82 में नकली समाजवाद का नारा देते हुए आपने कुछ काम किये हैं और पिछले वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र में लगातार बढ़ोत्तरी हुई है । 31 मार्च, 1951 को पांच उपक्रमों में जहां 29 करोड़ रुपये लगे हुए थे, 31 मार्च 1981 तक उनकी संख्या 185 हो गई और लागत 21 हजार करोड़ रुपये हो गई और 31 मार्च 1982 तक 203 उपक्रमों की लागत 24761 करोड़ रुपये हो गई और उसमें लगभग 15–16 सौ करोड़ रुपये का घाटा हुआ है । मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि इस पर जरा आप सोचें कि आपके द्वारा जो उद्योग चलाये गये हैं, औद्योगिक वित्त निगम के अध्यक्ष जी० एन० डावर के अनुसार, उन्होंने जो बयान दिया था उनके मुताबिक कितना घाटा हुआ है । लोक सभा में तत्कालीन उद्योग मंत्री श्री चरणजीत चानना ने जो वक्तव्य दिया था उसके मुताबिक 18 सौ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था । यह कहां का इंसाफ़ है ? मैं पूछना चाहता हूं कि देश में 24 सौ करोड़ रुपये की पूंजी निजी क्षेत्र के उद्योगों की स्थापना पर आपने लगाई है और 18 सौ करोड़ रुपये घाटे में लगा चुके हो और जो यह 24 सौ करोड़ रुपये की पूंजी आपने लगाई है इस पर यह घाटा बढ़ते–बढ़ते अब 24 सौ करोड़ रुपये हो गया होगा । घाटा निरन्तर बढ़ता चला जा रहा है । सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग निरन्तर घाटे में चले जा रहे हैं । आप उनमें कोई सुधार नहीं कर रहे हैं । मैं निवेदन करूंगा कि उनको सुधारने की कोशिश करिये और इसके लिये कोई रास्ता निकालिये और देखिये कि कहां–कहां खराबियां हैं, कहां–कहां गड़बड़ियां हैं । महोदय, सार्वजनिक उद्योगों को निरन्तर घाटे में ले जाने का काम चल रहा है । इसलिये मेरी प्रार्थना है कि आप यह कर दें कि हाथ का काम जहां हो वहां पर मशीन नहीं जायेगी और हाथ के काम में मशीन का दखल नहीं होगा । जो काम कुटीर उद्योग धंधों हो सकता है, वह बड़े उद्योग धंधों नहीं होगा । तेल बनाना, जूता बनाना, साबुन बनाना, कपड़ा बनाना इन सारे सामानों को हाथ के काम के क्षेत्र में रहने दीजिये और इन कामों को ये लोग करें ताकि चमार मरने न पाये, मोची मरने न पाये, जुलाहा मरने न पाये, कंगरेज मरने न पाये और जो ये पिछड़ी जातियों के लोग हैं, जिनके छोटे उद्योग पीढ़ियों से चले आ रहे हैं उनको रोजगार मिल सके । लेकिन आज हिन्दुस्तान के उच्च वर्ग के हाथ में सब कुछ हैं । इसलिये उनका एक षड़यंत्र है और पूंजीवादी और ब्राह्मणवादी व्यवस्था के मेल से हिन्दुस्तान के पिछड़े और हरिजन, जिनके हाथ में हजारों करोड़ों वर्षों से वंशानुगत तरीके से ये उद्योग चले आ रहे हैं, उनसे वह छीन लिया जाये और उनसे इसको छीनकर वे बिरला, टाटा, गोयनका को सौंपने का काम कर रहे हैं । उसको उन्होंने गरीब कर दिया, मजबूर कर दिया भूखों मरने के लिये । यही गांधी के हिन्दुस्तान की देन है ।

महोदय, मैं अपनी बात समाप्त करते हुए सरकार से निवेदन करूंगा, मैं माननीय तिवारी जी से निवेदन करूंगा कि आप कांग्रेसी भी हैं और आपके सोशलिस्ट भी रहे हैं । आप न केवल कांग्रेसी हो, बल्कि आप सोशलिस्ट पयम्परा के भी रहे हो । इसलिये हम आशा करते हैं कि आपके हाथों से देश

की गरीबी दूर होगी। इसके लिये आप कठोर कदम उठाइये और नई उद्योग नीति की घोषणा कीजिये। आप नई औद्योगिक नीति की घोषणा करके देश को मजबूत करिये, काम यहां होने दीजिये और छोटे लोगों के हाथ में रोजगार देने का काम कीजिये। बड़े लोगों के हाथ से उदयोग को छीनिये और छोटे लोगों के हाथ में उद्योग दीजिये। आपसे मेरी प्रार्थना है बिहार जैसे प्रदेश के बारे में आपको सोचना पड़ेगा और वहां आपको ऐसा करना पड़ेगा। भाई रामानन्द जो भी बिहार के बारे में बोलेंगे, बिहार की बात कहेंगे और यदि मैं कहने लगूं तो कहेंग कि हमारी सरकार है आप उसकी आलोचना करत हैं। अब आप ही बताएंगे कि बिहार में कितने उद्योग विकसित हो रहे हैं। अशोक पेपर मिल, ठाकुर पेपर मिल की कहानी आप भी कहें और मैंने भी स्थिति आपके सामने रख दी है। मैं आपसे कहूंगा कि आप पार्टियों की बात छोड़िये आपको देखना है तो भारत को भयावह आर्थिक अवस्था पर गांधीवादी विचारों के आधार पर चौधरी चरण सिंह ने जो किताब लिखी है उस में उन्होंने आंकड़े इकट्ठे कर के दुनिया के अर्थ–शास्त्रियों के आंकड़ों को इकट्ठा करके बताया है कि देश की दिशा कैसे आप लोगों ने गड़बड़ की है। जरा इसको आप पढ़ लेंगे तो आपके दिमाग साफ़ होंगे और तब देखेंगे कि हिन्दुस्तान को आप किस दिशा में ले गये हैं। मैं आपका धन्यवाद करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं और यह कहना चाहता हूं कि मैंने ज्यादा समय ले लिया, मैंने बहस प्रारम्भ की है। मुझको यदि आधे घंटा, पैंतालीस मिनट समय मिल जाता तो मैं और व्यापक रूप से अपनी बात आपके सामने रखता और सब बातों का पर्दा–फाश करता और देश में गरीबों और झोंपड़ी में रहने वालों के कल्याण की बात करता। धन्यवाद।

श्री जे० के० जैन : उपसभाध्यक्ष महोदय, आज हम इस सदन में उद्योग मंत्रालय के जो कार्यक्रम और कार्यकलाप हैं उनके बारे में चर्चा करने जा रहे हैं और मुझे आपने दल की ओर से इस डिबेट में भाग लेने का जो अवसर मिला है उसके लिए मैं धन्यवाद देता हूं।

श्री रामानन्द यादव : मेरा प्वाइंट आफ़ आर्डर है। यह जो आपके पास लिस्ट में हम सब लोगों का नाम दिया है, मांगा जाता है उस पर हम उन लोगों ने अपना नाम दिया है और उस लिस्ट मे कुछ लोगों का नाम अपीयर हुआ हैं। आप उस लिस्ट के आधार पर बुलाएंगे या दल के आधार पर हम लोगों को बोलने की इजाजत देंगे। हम चाहते हैं क्योंकि एक प्रक्रिया के अनुसार जिस तरह से। हम लोगों ने लिख कर रेजोल्यूशन दिया है कि हम इस पर बोलना चाहते हैं, हम लोगों ने परफोर्मा भर कर दिया है उसके आधार पर आज वह निकला है हम लोगों का नाम उसमें है कि अमुक-अमुक आदमी इस पर बोलना चाहते हैं तो मैं यह जानना चाहता हूं कि आप जो लिस्ट निकाली है उसके अनुसार बुलाएंगे या दल के द्वारा दिये गये नामो के अनुसार ?

श्री शान्ति त्यागी (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, सबको मौका दीजिये।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : आप तशरीफ रखिये। इसमें कोई प्लाइंट आफ आर्डर का सवाल नहीं है। दूसरा आप खुद जानते हैं यहां का तरीकाकार, फंकशनिंग जिस तरह से हाऊस का चलता है, पार्टीवाइज बुलाते हैं।

श्री रामानन्द यादव : ऐसा तो कालिंग अटेंशन का है।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : जी नहीं, इसका यही तरीकाकार है। येस मिस्टर जैन।

श्री जे० के० जैन : उपसभाध्यक्ष महोदय 15 अगस्त, 1947 को जब भारत के स्वर्गीय प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने लाल किले की प्राचीर से तिरंगा झण्डा लहराया था उस समय उन्होंने यह कहा था कि आज हमारे युद्ध का प्रथम चरण पूरा हुआ है। आज हम राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त कर रहे हैं लेकिन इस प्रथम चरण के समाप्त होते ही हम दूसरे चरण में प्रवेश कर रहे हैं और वह दूसरा चरण क्या था कि हम को आज के बाद से आर्थिक स्वतंत्रता के लिए संग्राम प्रारम्भ करना है। पंडित नेहरू के यह शब्द कोई उनके बनाए हुए शब्द नहीं थे बल्कि देश के उन करोड़ों गरीब स्त्री-पुरुषों, बच्चों, बूढ़ों के चेहरों के ऊपर जो उदासीनता, जो मलिनता उन्होंने देखी थी स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान गांव-गांव में जा कर गली गली में जा कर पहाड़ों में जा कर देश के कोने में जा कर उस के आधार पर पंडित नेहरू ने उस महान नेता ने यह शब्द लाल किले की प्राचीर से कहे। यही कारण था कि 1948 के अन्दर, आजादी मिलने के तुरंत एक वर्ष बाद औद्योगिक नीति का प्रस्ताव यहां पर लाया गया। उस प्रस्ताव के ऊपर बहुत चर्चाएं चलीं और 1956 के अन्दर एक औद्योगिक नीति की घोषणा कर दी गई।

इतना विशाल देश, इस विशाल देश की इतनी विशाल समस्याएं, इन विशाल समस्याओं के साथ जुड़ा हुआ हिंदुस्तान और इतना विशाल समुदाय, यह मामूली बात नहीं थी। एक चुनौती देश के सामने थी।

अंग्रेजों को जिसने ललकारा था, वह अंग्रेज जो हमेशा यह दलील देते थे कि इस मुल्क के लोग यदि आजाद कर दिये गये, तो अपने पैरों पर कभी नहीं खड़े हो पायेंगे। अंग्रेजों ने शायद ठेका ले रखा था सारे विश्व की मानवता का। आज हमें यह कहते हुए फख्र है कि अंग्रेजों की बात गलत साबित हुई।

आपको याद होगा कि अंग्रेज जब इस मुल्क को छोड़ कर गये, तो उन्होंने इस मुल्क को ऊपर न उठने देने के लिए कुछ ऐसे-ऐसे कागजात छोड़ दिये जिनके ऊपर हम कई वर्षों तक कुछ काम नहीं कर पाये।

तेल के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि अंग्रेजों ने कहा कि इस देश के अंदर तेल निकालने का कोई साधन नहीं है।

श्रीमन्, आप जानते हैं कि बिना आयल के देश का विकास होना एक स्वप्न के बराबर है, लेकिन यह पं० जवाहरलाल नेहरू की दूरदर्शिता थी---पं० नेहरू ने यह कहा कि हम ऐसा नहीं मानते कि इस देश में तेल नहीं है और इस विशाल देश की धरती अधिकारियों को भेज कर उसके ऊपर खोज करवाई और खोज के कितने परिणाम अच्छे निकले---आयल एंड नेचुरल गैस कमीशन की स्थापना की गई। देश के कोने-कोने में हमारे अधिकारियों और टैक्नीशनों ने जाकर तेल की खोज की और तेल निकला और किस मात्रा में निकल रहा है, यह देश में नहीं, विदेशों ताकतों से भी छिपा नहीं है। हम यहीं नहीं रुके, हमने समुद्र की तलहटी में जाकर तेल की खोज की है। समुद्र की तलहटी से तेल के फव्वारे निकल रहे हैं। गिर्ज बता रहा है कि विगत चार-पांच वर्षों के अंतर हमने किस तेजी से इस ओर प्रगति की है और मैं इस सदन के अंदर यह घोषणा करना चाहता हूं कि हमारे टैक्नोशन, हमारे नेता और हमारी सरकार और हमारी पार्टी इस ओर जरा सी भी बेतालूका नहीं बरतेगी और एक दिन आएगा कि हमारा देश तेल के मामले में सिर्फ आत्म-निर्भर ही न रह कर विश्व के अन्य देशों को तेल एक्सपोर्ट करेगा। हजारों, करोड़ों रुपये का विदेशी मुद्रा तेल को खरीदने में... **(व्यवधान)**

श्री सुशील चन्द महन्त : इन्फ्रा-स्ट्रक्चर .... **(व्यवधान)**

श्री जे० के० जैन : आप ठहरिये... (व्यवधान) इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात, आपको जानकारी नहीं है... (व्यवधान) जनाब आप गाड़ी बनवा लीजिए किसी फैक्टरी के अंदर तेल नहीं होगा, तो गाड़ी चलने वाली नहीं है । आप लकीर के फकीर बने हुए हैं क्योंकि—(समय की घंटी)—आपने जिन नेताओं की लीडरशिप एक्सैप्ट की हुई है, वह आपने दिमाग पर एक पीला चश्मा बन कर चढ़ा हुई है । आप उसको उतार कर के फेंको । औद्योगिक नीति का विकास किस प्रकार से कांग्रेस सरकार 1948 से लेकर अब तक बराबर करती चली जा रही है, किस प्रकार से देश के अंदर कारखानों का स्थापना हुई है—अभी मेरे विरोधी दल के भाई हुकमदेव नारायण यादव यहां बोल रहे थे, मुझे इस बात को कहते हुए दुख होता है कि जो उनके नेता उनको सिखाते रहे और पढ़ाते रहे, उनकी बू उनके भाषण में आ रही थी । नेहरू विरोधी नीति इन्हीं ने अपनाई । जनता पार्टी और लोकदल के शासन के दौरान इन मेरे विरोधी दल के भाईयों ने नेहरू की उस दूरदर्शिता को, नेहरू के उस नाम को मिटाने का दुस्साहस किया । मेरे विरोधी दल के भाइयो, नेहरू के नाम को मिटाने के लिए आप को राउरकेला को मिटाना पड़ेगा, आप को भिलाई को मिटाना पड़ेगा, आप को डैम तोड़ने पड़ेंगे, आप को नेहरू के द्वारा स्थापित कल-कारखानों को तोड़ना पड़ेगा । आप नेहरू के नाम को मिटा नहीं सकते और आप का यह दुस्साहस कभी पूरा नहीं हो सकता। यह नेहरू की दूरदर्शिता का परिणाम है कि आज हिन्दुस्तान विश्व की महान शक्तियों में एक बनता चला जा रहा है । हरित क्रांति के बाद यह देश औद्योगिक क्रान्ति की ओर तेजी से बढ़ रहा है । यह हमारी पार्टी की, हमारे नेताओं की दूरदर्शिता का सफल परिणाम है ।

श्री सुरेश चन्द्र महन्त : नौवां नम्बर है।

श्री जे० के० जैन : मैं फिर कह रहा हूं कि इन के ऊपर कुछ और चश्मे चढ़े हुए हैं। एक ओर यह कहते हैं कि हिन्दुस्तान की आबादी 70 करोड़ है। अरे मेरे प्यारे भाइयो, 70 करोड़ इनसानों की बहबूदी का ध्यान रखते हुए हिन्दुस्तान औद्योगिक क्रान्ति की ओर बढ़ रहा है । आप उन मुल्कों से तुलना मत कीजिए जिन की आबादी दो करोड़, तीन करोड़, आठ करोड़ या दस करोड़ है । यहां की समस्याएं विकराल हैं क्योंकि यहां की आबादी इन सब मुल्कों की आबादी को अगर जोड़ दिया जाय तो उस से भी दुगुनी-तिगुनी बैठेगी । और मैं यह बड़े दावे से कहता हूं कि नवें-दसवें की बात नहीं, आबादी के हिसाब से हिन्दुस्तान के अन्दर जो औद्योगिक क्रान्ति हो रही है वह किसी मुल्क से कम नहीं, उस से बहुत ज्यादा है ।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरे भाइयों को शार्ट-साइटेडनेस की पोलिसी को छोड़ना पड़ेगा । एक मुल्क जो तेजी के साथ विकास की ओर बढ़ रहा था 1977 के अन्दर एक ऐसा देश के ऊपर आघात हुआ जिस की वजह से औद्योगिक धन्धे ही नहीं, सारा देश चरमरा गया, ऐसे लोग शासन को संभाल कर बैठ गये जिन्होंने उत्तर से दक्षिण तक की यात्रा नहीं की थी । वह नहीं जानते थे कि तमिलनाडु किधर है, उड़ीसा किधर है, आसाम किधर है, मिजोरम-नागालैंड किधर है, वह कुएं के मेढ़क के समान कुएं के अन्दर की बने रहे । लेकिन दुर्भाग्य था इस देश का कि जनता इन लोगों की बात में आकर बहक गयी और उस ने इन को देश के शासन पर बिठा दिया । लेकिन ढाई वर्ष के अन्दर ही उन को करारी हार का मुंह देखना पड़ा और 1980 के अन्दर जब देश की प्रधान मंत्री श्रीमती गांधी ने शासन की बागडोर एक बार फिर संभाली तो उन्होंने मंच से खड़े होकर यह कहा था वह इन

[श्री जे० के० जैन]

के जिस भी काम को देखती हैं उसमें खोखलापन नजर आ रहा है । औद्योगिक स्थिति को इन्हों ने बिगाड़ कर रख दिया । तेल का जो आयात करते थे उस की बुकिंग नहीं की । आप लोग भूल गये किस तरह हजारों ट्रक, टैक्सी, कारों और स्कूटरों की लाइनें लगती थीं पेट्रोल पम्प के ऊपर । उपाध्यक्ष महोदय, यह लोग जानते हैं कि इनकी नीतियों ने देश को बरबादी के कगार पर पहुंचा दिया था, इसी लिए इन को आयल की बात पसन्द नहीं आयेगी ।

उपाध्यक्ष महोदय, बड़ी विडम्बना है, फोगर्स को भी यह लोग झुठला सकते हैं क्योंकि जिस चीज की आधारशिला ही असत्य है उसमें से असत्य ही निकलता है । सच की ओर इनकी नजर ही नहीं पड़ सकती । मुझे फोगर्स में जाने की आवश्यकता नहीं । किताबें छपी पड़ी हैं। यदि इनको पढ़ना नहीं आता तो किसी को बुला लें, वह इन को पढ़कर सुना दे । कुछ बातें मैं इनको जरूर बताना चाहूंगा कि किस तरह से इंडस्ट्रियल इकोनोमी में इन्क्रीज हुई है—1980–81 में 4 प्रतिशत, 81–82 में 8.6 परसेंट । 1982–83 में जबरदस्त ग्रोथ हुई है और स्माल सेक्टर के अंदर 1980–81 और 1981–82 तक 10 परसेंट हुई है और 1982–83 में 7 प्रतिशत हुई है और प्रोडक्शन 1981–82 में 32,000 करोड़ का हुआ है । यह मैं स्माल सैक्टर की बात कर रहा हूं । मेरे अच्छे मित्र हुक्मदेव नारायण जी गरीबों की बात कर रहे थे कि धोबी बेरोजगार हो गया, नाई बेरोजगार हो गया, चर्मकारों को काम नहीं मिल रहा है, बढ़ई कुछ काम नहीं कर पा रहे हैं । क्या क्या बातें उन्होंने कही । मैं अपने भाई से पूछना चाहता हूं कि 1947 में जब मुल्क आजाद हुआ था हमारे इन वर्गों के कितने भाई आईपी एस की नौकरियों में थे, कितने भाई देश के प्रशासन में आई सी एस और आई ए एस में थे? कितने भाई आर्मी की कमांड को सम्हाले हुए थे? कितने भाई छोटे उद्योग धंधों में लगे हुए थे, कितने भाई व्यापार में लगे हुए थे? इन्हीं के मुंह की कही हुई बात को मैं कह रहा हूं कि यह कहते हैं कि काम नहीं मिल रहा है और मैं दूसरी तरफ कहता हूं कि 1982–83 में इन लघु उद्योग धंधों में लगे हुए 80 लाख व्यक्ति जो हैं उन को क्या हुक्मदेव नारायण जी विदेशों से लाये हैं। यह इसी देश के लाल हैं । यह इसी देश के सपूत हैं जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत के द्वारा छोटे-छोटे उद्योग स्थापित कर के अपने को बारोजगार बनाया है । यह चरणसिंह की नीति हो सकती है कि यदि कोई बढ़ई सिर पर बोरी में अपने औजार रख कर काम कर रहा है तो वह अपना कारखाना न लगाये।

The Vice-Chairman (Shri R. Ramakrishnan) in the Chair.

मुझे तो यह कहते हुए बड़ा गर्व है कि 1947 का वह बूढ़ा बढ़ई जो अपने हाथ से काम करता था उस ने अपने बच्चे को आई टी आई में भेजा, उसको ट्रेनिंग दिलाई और उस के लिये एक छोटा उद्योग स्थापित कर दिया । किस तरह से देश में चंमुखी विकास हो रहा है लेकिन हमारे भाई हर चीज को एक गंदी राजनीति की दृष्टि से ही देखते हैं।

एक्सपोर्ट के फिगर मैं आप को बता दूं । यह छोटे उद्योग धंधों के फिगर हैं और किताबें भरी पड़ी है कि इन उद्योगों में किन-किन वर्गों के लोग काम कर रहे हैं । यह उन्हीं वर्गों के लोग हैं जिन के लिये हुक्मदेव नारायण जी ने अभी घड़ियाली आंसू बहाये हैं । इन्हीं छोटे

उद्योग धंधों में लगे हुए हमारे इन भाइयों ने 1982-83 में 2095 करोड़ रुपये का सामान निर्यात किया । कितना निर्यात 1947 में हुआ करता था, जरा बताइये। आप ही लोग कहीं पर चर्चा करते हुए सुनाई देते हैं कि हिन्दुस्तान वह मुल्क था जिस में सुई भी नहीं बनती थी । यदि सुई इस देश में आती थी तो उस के बदले में सोना बरतानिया चला जाता था । और अब कहते हुए बड़ी प्रसन्नता होती है कि यह वही देश है कि जिस के अंदर सुई नहीं बनती थी, लेकिन अब इस देश के अंदर हैलीकोप्टर ही नहीं, हवाई जहाज ही नहीं, दुश्मनों के दांत तोड़ने वाले टैंक भी इस देश में ही बन रहे हैं । इस देश के अंदर पनडुब्बियों का भी निर्माण हो रहा है । जाइये, विशाखापट्टनम में जा कर देखिये । उन शिप यार्ड्स में जाकर देखिये कि किस तरह से सामान ढोने वाले और जंगी जहाज वहां बन रहे हैं । रिफाइनरीज को देखिये कि किस प्रकार से तेल को लाइनों से भेजा जा रहा है और देश के कोने-कोने में तेल पहुंचाया जा रहा है । चितरंजन लोकोमोटिव को जाकर देखिये । हुकमदेव जी को तो यहां बैठने की हिम्मत नहीं है, वह चले गये । यह चितरंजन लोकोमोटिव किस की दूरदर्शिता का परिणाम है । यह नेहरू जी की नीतियों का परिणाम है । आज हम इन चीजों का सुख ले रहे हैं । आज इसी सदन में मांग की जाती है कि रेल की पटरियां बिछाइये । रेल के डिब्बों की कमी है, हम को वैगन्स नहीं मिलते ।

इंजिन का सुधार होना चाहिए, डीजल इंजिन आने चाहिए क्यों मांग करते हैं ? मेरे प्यारे भाइयो, इस देश के अन्दर एक तरफ़ मांग करते हो, एक तरफ़ मशीन युग की भर्त्सना करते हो और दूसरी ओर हिन्दुस्तान जैसे गरीब मुल्क को औद्योगिक मुल्क बनाने वाले राष्ट्रनेता पंडित जवाहरलाल नेहरू की नीतियों की भर्त्सना करते हुये आपको लाज नहीं आती ।

अध्यक्ष महोदय, हैवी इंडस्ट्रीज के अन्दर कितना उत्पादन हुआ । 1980-81 में 1297 करोड़ रुपये की राशि का उत्पादन हुआ । 1983-84 में यह बढ़कर 2257 करोड़ हो गया और जो उत्पादन 1981-82 में 1297 करोड़ का था, वह चार वर्षों के अन्दर बढ़कर 2810 करोड़ हो गया । अध्यक्ष महोदय, हमारे भाई जो भी कह दें, हमारी नीतियों की आलोचना करें, लेकिन ये फीगर्स को नहीं झुठला सकते । देश के अन्दर जो चौमुखी विकास हो रहा है, देश के अन्दर जो सड़कों का निर्माण हो रहा है, फ्लाई ओवर्स बन रहे हैं, पुल बन रहे हैं, पटरियों के जाल बिछाये जा रहे हैं, देश के कोने कोने में बिछाए जा रहे हैं, मोटरों की लाइनें चल रही हैं, बसें चल रही हैं, ट्रक चल रहे हैं, ये सब इन कारखानों से निकलते हुए, उगलते हुए लोहे के कारण हो रहा है ।

अध्यक्ष महोदय, राजनीतिक बातें और राजनीति की चर्चा हर चीज में जाना, देश के विकास के अन्दर रोड़े अटकाना है क्योंकि 1977 की बातें जब याद आती हैं तो इनका पर्दाफाश हो जाता है । क्या हुआ इनके मंत्रियों को । जार्ज फरनान्डीस इस देश के उद्योग मंत्री बने । बताइये क्या नीतियां उन्होंने अपनाई देश के औद्योगीकरण के लिए ? हां, एक नीति जरूर अपनाई थी कि कांग्रेस जनों में किसी-किसी के उद्योग लगे हुए हैं, उनके उद्योग धंधों के लाइसेंस नष्ट कर दो। हजारों मजदूरों को बेकार कर दो । बदले की भावना से इन लोगों ने औद्योगिक नीति नहीं बल्कि बदले की नीति मंत्रालय की कुर्सियों पर बैठकर बनाई। ...(व्यवधान)...

श्री अश्विनी कुमार (बिहार) : कोका कोला किसने खत्म किया था ...(व्यवधान)

श्री जे० के० जैन : मैं जानता हूं, शायद आप सिफारिश जरूर करने गए थे। श्रीमन्, इनको कोका कोला याद आ रहा है, दूसरी चीजें ये भूल गए। ... (**व्यवधान**)

कुमारी सरोज खापर्डे (महाराष्ट्र) : आपको तकलीफ क्यों हो रही है ?

श्री सुशील चन्द्र महन्त : यह तो इंडस्ट्रियालाइजेशन हो रही है देश की। ...

श्री जे० के० जैन : देश की जो नीतियां थीं, जिनको 20 सालों से अनुभवों के बाद स्थापित किया गया था, वहां इनके प्रधान मंत्री देश की नीतियों में भी खिलवाड़ करते रहे। मोशे दायान को चोरी छिपे दिल्ली बुलाया गया ... (**व्यवधान**)

एक माननीय सदस्य : ये इंडस्ट्रियल पालिसी पर बोल रहे हैं ... (**व्यवधान**)

श्री जे० के० जैन : तकलीफ मत मानो, जरा सुनने की ताकत रखो। अध्यक्ष महोदय, मोशे दायान से चोरी छिपे प्रेमालाप तुम्हारी जनता पार्टी और लोकदल के लोग करते रहे। अरब के मुल्क क्यों इनका साथ देते हैं, आप क्यों इनका साथ देते हैं ? ... (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI R. RAMAKRISHNAN): Only If such matters are introduced, the debate will become lively..

श्री जे० के० जैन : अध्यक्ष महोदय, अरब देशों का नाराज होना स्वाभाविक था। क्या हुआ ? तेल को प्रोक्योर करने में हमको कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा? किसी भी देश की चाहे वह व्यापार नीति हो, या औद्योगिक नीति हो या शिक्षा नीति हो, हर चीज की नीति बनाते समय, क्योंकि हम समाज में रहते हैं, हम को विश्व को देखना पड़ता है, उसकी नीति को देखना पड़ता है, विश्व की विदेश नीति को ध्यान में रखना पड़ता है। लेकिन ये विदेशनीति विहीन लोग, दिशाविहीन लोग क्या कोई नीति बना सकते थे, नहीं। इन्होंने तो बनाई हुई नीति को भी तोड़-मरोड़ करके फेंक दिया। सोना इन्होंने बिकवाया। बात करते हैं उद्योग पर डिबेट चल रही है। सोना नहीं होगा तो आपके देश के साथ कोई इंडस्ट्रियल कोलाबरेशन करने का तैयार नहीं होगा। इस सोने से देश की शक्ति को आंका और नापा जा सकता है। एक और आप सोना बेचते हैं, सोने की नीलामी करते हैं और दूसरी ओर बात करते हैं उद्योग की (**व्यवधान**)

SHRI SURESH KALMADI: I hope all of us will get the same amount *of,* time as Mr. J. K. Jain. He has spoken totally irrelevant things for the last half an hour.

SHRI J. K. JAIN; I will speak for one hour. See the strength of my party one hour. See the strength of my party party. See my block here; there are 153 Members of the ruling party. So, please don't interrupt.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI R. RAMAKRISHNAN): You go on with your speech. You don't allow them to sidetrack you.

{interruptions)

SHRI J. K. JAIN: Whatcan I dowhen they talk like this? Myparty hasso many Members and wehave the time....

श्री हुकमदेव नारायण यादव : एक शेर कई बिल्लियों से ज्यादा मजबूत होता है।

श्री जे० के० जैन : गीदड़ शेर का लिबास पहन ले तो उससे वह शेर नहीं बन जायेगा। आप शेर की खाल पहन कर बैठे हुए हैं। (**व्यवधान**) क्योंकि इनका नाम देव है इसलिये मैं इनको हमेशा देव कहता हूं।

श्री सुशील चन्द महन्त : आप डरते हैं, आप देखेंगे कि चुनाव में वही हालत फिर से होगी जो पहले हो चुकी है ।

श्री जे० के० जैन: कारवां जब चलता है तो वह चलता ही रहता है, वह कारवां रुकता नहीं है । (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI R. RAMAKRISHNAN); Hon. Members, I request you in the interests of a proper debate you allow him to speak as he likes. You will get your chance when you say what you want. *{Interruptions)*

SHRi J. K. JAIN: Please don't interrupt me, Mr. Suresh Kalmadi. Yon are not flying in the air; now you are sitting in Rajya Sabfca, Please earn some manners .... *Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI R. RAMAKRISHNAN): Please let him; continue.

SHRI SUSHIL CHAND MOHUNTA: He can speak till 6 o 'clok; we have no objection. We will continue tomorrow.

श्री जे० के० जैन: : मैं इस बात का पक्षपाती हूं । जिस प्रकार से हमारे देश की सरकार ने लघु उद्योग को प्रोत्साहन दिया है । आज हजारों, लाखों नौजवान हमारे देश की बनाई हुई शिक्षा नीति के तहत स्कूलों, कालेजों, विश्व-विद्यालयों से शिक्षा प्राप्त करके निकल रहे हैं । आज इस बात की जरूरत है कि कुछ ऐसे उद्योग की नीति अपनाई जाए जिस नीति से हजारों, लाखों यंग इन्टरप्रेन्योर्स, एजुकेटिड इन्टरप्रेन्योर्स को काम करने का मौका मिले और देश के लिये उत्पादन बढ़ा सकें । देश में समृद्धि ला सकें । हमारे समक्ष जापान की मिसाल है । जापान किस प्रकार से 30 वर्ष के अंदर विश्व में एक औद्योगिक शक्ति बन गया । वह जापान जिसके पास रा-मेटिरियल नहीं था, वह जापान जिसके पास आयल नहीं था, माननीय सदस्य फिर कहेंगे कि आयल की बात क्यों करते हैं, उद्योग की बात क्यों नहीं करते (व्यवधान) आप विदेशियों के पक्षपाती हैं इसलिये आप आयल की बात पसंद नहीं करेंगे । यह विदेशी मामला हैं मैं आयल का पक्षपात जरूर करूंगा । (व्यवधान) किस प्रकार से जापान ने औद्योगिक प्रगति की, वही जापान है, हम उसे भूले नहीं हैं, 30 साल पहले जिसका सामान फुटपाथ पर आवाज दे-देकर बिकता था कि हर माल मिलेगा चार आने । लेकिन उस माल को कोई छूता नहीं था । रिजल्ट क्या हुआ है कि जापान का नवजवान जो उस समय शिक्षा के क्षेत्र में था जो अध्ययन कर रहा था, अध्ययन करने के बाद जब उसने तरुणाई में प्रवेश किया तो एक क्रांति उस देश के अन्दर आई और वहां की सरकार ने उन नवयुवकों की शक्ति को किस प्रकार से इस्तेमाल किया, यह सभी जानते हैं । हमारे कुशल मंत्री, श्री नारायण दत्त तिवारी के कार्यकाल के अन्दर किसी प्रकार से लघु उद्योगों को बराबर प्रोत्साहन मिल रहा है, यह किसी से छिपा हुआ नहीं है । एक बार चाहे वे किसी बड़े उद्योग धंधे को प्रोत्साहन न दें, लेकिन जहां पर लघु उद्योगों की बात होती है, यंग इन्टरप्रेन्यौर्स की बात होती है तो किस हमदर्दी के साथ उसका साथ देते है, यह सब लोग जानते हैं । मैं उनसे निबेदन करूंगा कि जापान किस प्रकार से नये उद्यमियों को प्रोत्साहन दे रहा है, उस पालिसी का थोड़ा-सा वे निरीक्षण करायें । अभी जापान के प्रधान मंत्री इसी संसद् के सेन्ट्रल हाल में आए थे और किस प्रकार से उन्होंने भावभीनी शब्दों में आश्वासन दिया था

[श्री जे० के० जैन]

वह सभी ने सुना है । उन्होंने कहा कि हम हिन्दुस्तान के साथ हाथ से हाथ मिलाकर सहयोग और काम करना चाहते हैं । मैं उद्योग मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि हाल के जापान के प्रधान मंत्री जी को यात्रा का लाभ उठाकर तुरन्त ही एक दल जापान भेजें और वहां से इस चीज की रिपोर्ट मंगाई जाय कि किस प्रकार से वहां औद्योगीकिकरण हो रहा है ताकि हम भी अपने नौजवानों को उद्योगों की ओर प्रेरित कर सकें ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं कुछ सुझाव आपके माध्यम से अपनी सरकार को देना चाहता हूं । आर्थिक क्रांति लाने के लिए औद्योगीकिकरण की गति को तेज किया जाय । युवकों का उद्योगों की तरफ रुझान पैदा किया जाय । मौजूदा लघु ईकाइयों को अधिक संरक्षण देने के लिए विस्तृत विधेयक लाया जाय । गांवों के कारीगर लोहार, मोची, नाई वगैरह की ग्रुपिंग करके उनको बढ़ावा दिया जाय । आप जानते हैं कि ये लोग गांवों में गरीबी में रहते हैं । यदि भारत सरकार कुछ इस प्रकार की योजना बनाये जिसमें गांव के अन्दर इन कारीगरों का ग्रुपिंग करके, इन लोगों को इकट्ठा करके उनके लिए कारखाने स्थापित किये जायें । वहां पर ऐसे उद्योग धंधे स्थापित किये जाएँ ताकि इन लोगों के स्तर में अभी जो सुधार हो रहा है वह और भी आगे बढ़ सके । यह काम जिला औद्योगिक केन्द्रों के माध्यम से कराया जाय । सब उद्योगों का आधुनिकीकरण हो । आप अभी भूले नहीं होंगे, बम्बई के अन्दर महाराष्ट्र में कपड़ा मिलों की जो हड़ताल हुई थी उससे किस प्रकार से हिन्दुस्तान के कपड़ा उद्योग को धक्का पहुंचा था और तकलीफ हुई थी । उन कारखानों के अन्दर पुरानी मशीनें लगी हुई हैं । मैं समझता हूं कि आज विश्व में व्यापार करना कोई आसान चीज नहीं है । विज्ञान और विज्ञापन के युग में हर क्षेत्र में मुकाबले में खड़े होकर आपको अपना सामान बेचना होता है । मैं आपसे निवेदन करूंगा कि जहां एक ओर उन 14 मिलों के अन्दर काम करने वाले हजारों श्रमिकों की रोजी रोटी का ध्यान रखकर और यह परवाह न करते हुए कि भारत सरकार के ऊपर इससे करोड़ों सैकड़ों का बोझ पड़ेगा, आपने उनका राष्ट्रीयकरण कर दिया। इसके लिए जहां-मैं आपको इसके लिए बधाई देता हूं वहां इस बात के लिए भारत सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि जो राष्ट्रीय-कृत मिलें हैं और जो प्राइवेट सेक्टर की मिलें हैं उनके आधुनिकीकरण के लिए आप कुछ ऐसे साधन जुटाइये जिससे उन मिलों का आधुनिकीकरण हो, हमारे देश के लोगों को अच्छा और सस्ता कपड़ा मिल सके और साथ ही विश्व की मंडियों में जाकर हम अपने कपड़े का व्यापार अच्छे रूप में कर सकें। सार्वजनिक उद्योगों की बात श्री हुकमदेव नारायण यादव ने कही और कहा कि उनमें हजारों रुपयों का घाटा हो रहा है । अरे हुकमदेव नारायण यादव जी, यदि भारत सरकार अपनी सन् 1956 की औद्योगिक नीति के तहत सार्वजनिक उद्योगों की स्थापना न करती तो शायद आज हम पाकिस्तान

5 p. m. की तरह ही दूसरे देशों के गुलाम बनकर उनके आगे हाथ फैलाकर एक एक चीज की भीख मांगते रहते होते। सार्वजनिक उद्योगों की स्थापना सिर्फ लाभ को ध्यान में रखकर नहीं की जाती, सार्वजनिक उद्योगों की स्थापना इसलिये की जाती है ताकि देश की जनता को किसी चीज की तकलीफ न होने पाये चाहे देश के खजाने

से सरकार को इसके लिये कितना ही खर्चा क्यों न करना पड़े । देश के नागरिक और देश पहले है, धन देश के लोगों की बहबूदी के लिये है । इसलिए सार्वजनिक उद्योग इस तरह से जद्दोजहद करते हैं । आप कहते हैं कि सार्वजनिक उद्योगों के अंदर इतना इतना घाटा हुआ करता है । लेकिन आज हमारे देश में बहुत सारे उद्योग ऐसे हैं जिन्होंने बहुत अच्छा उत्पादन किया है और बहुत अच्छा लाभ भी दिया है । मैं अपने विरोधी दल के भाइयों से निवेदन करूंगा कि इस प्रकार से हर वक्त, हर चीज पर निरुत्साहित करने की कोशिश न करें । आप दो शब्द अच्छे भी कहा करें जिससे कि उनको प्रोत्साहन मिले । श्री हुक्मदेव नारायण के घर में बालक भी होगा । जब उनका बच्चा अच्छा काम करता है तो वह उनकी पीठ थपथपाते हैं कि तुमने बड़ा अच्छा काम किया । लेकिन यदि हर काम में, अच्छे काम में भी बिगड़ते रहेंगे तो एक दिन वह आयेगा कि वह क्लास में पास होने के बजाय फेल होता रहेगा ।

श्री हुक्मदेव नारायण यादव : पाकेट मार हो तो ?

श्री जे० के० जैन : पाकेटमार ? हर बच्चे को आप पाकेटमार समझते हैं ? क्या आप पाकेटमारों की जमात में बैठे हैं ? अगर ऐसा है तो आप उनकी जमात से निकलिये । 1977 में आपने पाकेट मारी थी, इसीलिये ढाई साल के अन्दर सब तहस नहस हो गया । अगर सच्ची कमाई होती तो आप पूरे पाच वर्ष तक रहते ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इन्हीं सुझावों के अन्तर्गत मैं अपने माननीय कुशल मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि 20-सूत्री कार्यक्रम जो आज हिन्दुस्तान के लाखों करोड़ों गरीब व्यक्तियों की आशा का केन्द्र बन गया है, हजारों लाखों व्यक्तियों को किस प्रकार से निरन्तर रोजगार मिलता रहे, किस प्रकार से सेल्फ फाइनेंसिंग स्कीम के अन्दर छोटे छोटे उद्योग धंधे स्थापित किये जायें, इसके लिये मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे अपने मंत्रालय में एक विशेष सेल बनायें जिससे बीस-सूत्री कार्यक्रम पर जो अमल हो रहा है उसमें तेजी लाई जा सके । उपसभाध्यक्ष महोदय, उद्योग धंधों के ऊपर जब फाइनेंस का अंकुश आ जाता है तो उन उद्योग धंधों को बड़ी तकलीफ का सामना करना पड़ता है । मैं जानता हूं, अभी हमारे विरोधी दल के भाई चहक उठेंगे क्योंकि उनको हकीकत मालूम नहीं है । आज हमारे मारुति उद्योग की गाड़ियों के लिये यही लोग घूमते हुए आ रहे हैं कि हमें मारुति गाड़ी दे दीजिये । इनको नहीं मालूम कि यह स्वर्गीय संजय गांधी, मैं रिकार्ड की बात कह रहा हूं कि किस प्रकार बैंकों का अंकुश बराबर मारुति के ऊपर लगा रहा । मैं निवेदन करता हूं कि फिर कभी ऐसा दास्तान, मारुति उद्योग की घटनाओं की पुनरावृत्ति और उस तरह की परेशानी किसी नौजवान को न उठानी पड़े । आपको यह चाहिए कि आप वित्त मंत्रालय के साथ कोआर्डिनेशन करके बैंकों का जो अंकुश, छोटे, लघु और मध्यम दर्ज के उद्योगों के ऊपर है उसको कम करायें । हमें इसमें दूरदर्शिता रखनी चाहिए । यदि हम उनको खुलकर पैसा देंगे तो वह हमें खुलकर उत्पादन देंगे और अधिक उत्पादन देश में होगा और देश का उत्पादन बढ़ेगा । उपसभाध्यक्ष महोदय, इन शब्दों के साथ मैं आपको एक बार फिर बधाई देता हूं और जिस प्रकार से माननीय मंत्री जी से इस उद्योग मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद अपने कार्यों से देश के अंदर एक आशा की किरण जगाई है उसी प्रकार से आप उस किरण को मशाल बनाकर देश को जगाते रहेंगे और देश का एक-एक नौजवान जब तक रोजगार प्राप्त न कर लें, जब तक कोई

[श्री जे० के० जैन]

छोटा मोटा उद्योग धंधा न अपना ले तब तक इसके लिये अथक परिश्रम करते रहेंगे, इन शब्दों के साथ मैं आपको फिर बधाई देता हूं ।

SHRI R. MOHANARANGAM (Tamil Nadu); Mr. Vice-Chairman, Sir, after a very long time, that too after listening to the speeches of Mr. Yadav and my friend Mr. J. K. Jain, I an given the opportunity to speak in the discussion on the working of the Minis try of Industry. I am not going to give answers to questions raised by Mr. Iain, because it is not my duty. Rather I am going to endorse the views of Mr. Yadav as well as Mr Jain. But as a citizen of this country I know fully well, and if any person says that our country is not industrially developed, even a blind man will not accept that theory. If you go through the length and breadth of our country you will see that it is industrially developed to the satisfaction of almost all. But my fear is whether it has been properly distributed. That is the question I am going to raise.

It is a well known fact that our countiy is agricultural country. Eighty per cent of the total population of this country are completely dependent upon agriculture. That is why, Sir, by the time when the First Five Year Plan was framed, importance was given only for agriculture, considering the development of the agricultural community of this country. Only after having completed —I do not know whether it has been successfully completed or not— only after having completed the First . Five year Plan, thcy have started giving importance to it in the Second, Third, Fourth and Fifth Plan, with a view to industrialise our country. That is why they have given much importance for the industrial development of this count.

As I said already, our country is very, very, very important country *tat* agrio* hire. Eighty per cent of the population of this country is completely dependent upon agriculture. That is why, Sir, by the time when the Firss Five Year Plan was framed, importance was given only for agriculture. Bat after 37 years after independence, if anybody asks the question whether wo have developed to the satisfaction of all, it can be said that of course, we have somewhat satisfied the needs of the people. Whether we have fully satisfied these needs, this is what we have to discuss.

